केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, अधिक रियायतें देने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है सरकार

# पुरानी बेचकर नई कार लेने पर और छूट

## योजना

नई दिल्ली | एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सरकार हाल में पेश राष्ट्रीय वाहन कबाड़ नीति के तहत पुराने वाहनों को कबाड़ में बदलने के बाद खरीदी जाने वाली नई गाड़ियों पर कर संबंधित और रियायतें देने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है।

गडकरी ने यह भी कहा कि नई कबाड़ नीति से प्रदूषण में कमी आएगी। उन्होंने मारुति सुजुकी तोयोत्सु के कबाड़ और पुनर्चक्रण सुविधा केंद्र का उद्घाटन करते यह बात कही। यह सरकार से मंजूरी प्राप्त इस प्रकार का पहला केंद्र है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, कबाड़ नीति से केंद्र और राज्यों दोनों का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व बढ़ेगा। मैं वित्त मंत्रालय से इस पर चर्चा करूंगा कि नई नीति के तहत किस प्रकार कर संबंधित और रियायतें दी जा सकती हैं।

नई नीति के तहत केंद्र ने कहा था कि राज्य और केंद्र शासित प्रदेश पुराने वाहनों को कबाड़ में बदलने के बाद नई गाड़ी लेने पर पथकर पर 25 प्रतिशत तक छूट देंगे।



नोएडा सेक्टर-80 में मंगलवार को पुराने वाहनों को कबाड़ करने की इकाई का उद्घाटन करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी। ● ईश्वर

## नोएडा में लगी स्क्रैपिंग एवं रिसाइक्लिंग यूनिट

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने नोएडा के सेक्टर-80 में मारुति सुजुकी टोयोत्सु इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एमएसटीआई) द्वारा लगाई पुराने वाहन कबाड़ करने की इकाई का उद्घाटन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार इस दिशा में काफी गंभीर है। सरकार ने अगले दो वर्षों में देशभर में 300 ऐसी इकाइयां लगाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि 15 वर्ष पुराना एक वाहन 15 नए वाहनों के बराबर प्रदूषण फैलाता है। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण बड़ी समस्या है। वायु प्रदूषण कम करने में पुराने वाहनों की स्क्रैपिंग एवं रीसाइक्लिंग यूनिट का बड़ा महत्व रहेगा। उन्होंने स्क्रैपिंग यूनिट की पूरी प्रक्रिया को समझा और एक वाहन को स्क्रैप कराकर देखा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश को स्टील, एलुमिनियम, कॉपर और रबर आदि सामान बाहर से मंगवाने पड़ते हैं।

**80** हजार करोड़ का राजस्व कबाड़ नीति से राज्यों और केंद्र को

**10** से 12 प्रतिशत तक बढ़ेगी नई गाड़ियों की बिक्री कबाड़ नीति से

**300** इकाइयां शुरू होंगी पुराने वाहन कबाड़ करने के लिए

**02** हजार पुराने वाहन हर महीने निस्तारित किए जाएंगे

### ग्राहकों के लिए फायदे

- शुरू से लेकर अंत तक सुगम स्क्रैपिंग, जिसमें वाहन को लाने से लेकर संपूर्ण दस्तावेजी कार्यवाही शामिल है।
- पारदर्शी मूल्य व डिजिटल भुगतान।
- सर्टिफिकेट ऑफ डिस्ट्रक्शन जारी।

### नौकरियों के अवसर में बढ़ोतरी होगी

मंत्री ने कहा कि कबाड़ नीति से सभी पक्षों को लाभ होगा क्योंकि इससे विनिर्माण को गति मिलेगी, नौकरियां सृजित होंगी और केंद्र तथा राज्यों दोनों को जीएसटी मद में 40,000-40,000 करोड़ रुपये तक का राजस्व प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि कबाड़ नीति प्रदूषण पर लगाम लगाने और रोजगार सृजित करने लिहाज से महत्वपूर्ण है। गडकरी ने कहा, पुरानी गाड़ियां नये वाहनों की तुलना में अधिक प्रदूषण फैलाती हैं। अत: उन्हें हटाने की जरूरत है। हमें उम्मीद है कि कबाड़ नीति से बिक्री 10 से 12 प्रतिशत तक बढ़ेगी।

### महिंद्रा की ग्रेटर नोएडा में प्लांट लगाने की तैयारी

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने भी ग्रेटर नोएडा में कबाड़ गाड़ियों के निस्तारण के लिए रीसाइकिल प्लांट लगाने की घोषणा 2019 में की थी। महिंद्रा ने यह प्लांट अपनी सब्सिडियरी कंपनी महिंद्रा असेलो के जरिये लगाने का प्लान बनाया है और इसके लिए सरकारी कंपनी एमएसटीसी से करार किया है।

**प्रदूषण में आएगी कमी**: दिल्ली-एनसीआर के लोग इस समय भारी प्रदूषण के कारण संकट में हैं। वायु प्रदूषण में गाड़ियों से निकलने वाले ईंधन प्रदूषण का बड़ा योगदान है। कबाड़ नीति से रोड से पुरानी गाड़ियों की संख्या में कमी आएगी। इससे देश में प्रदूषण की मात्रा में कमी आएगी।

उत्तर प्रदेश मत्स्य विकास नि
सी.पी.-15-16, द्वितीय तल, एस.एस. टावर (निकट-हनीमैन चौरा
सूचना संख्या 13/ मविनि/मु०म०प्र०/2021 दिना
शारदासागर जलाशय श्रेणी-1 ई-निविदा तिथि